भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
27.07.2022 के
तारांकित प्रश्न सं. 152 का उत्तर

भारत गौरव रेलगाड़ियां

***152. श्रीमती नुसरत जहां:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का भारत गौरव रेलगाड़ियों को सरकारी- निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत चलाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे मार्गों का ब्यौरा कंपनी-वार क्या है जिन पर इन्हें आरंभ किया गया है;

(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव रेल भूमि को पट्टे पर देने और भारतीय रेलवे के नियमित मार्गों पर भी पीपीपी मॉडल के अंतर्गत प्रचालन करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

भारत गौरव रेलगाड़ियों के संबंध में दिनांक 27.07.2022 को लोक सभा में श्रीमती नुसरत जहां के तारांकित प्रश्न सं. 152 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): जी नहीं। बहरहाल, रेल मंत्रालय ने थीम आधारित पर्यटन सर्किट 'भारत गौरव गाड़ियों' के परिचालन के लिए 2021 के वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 14 द्वारा 23.11.2021 को नीतिगत अनुदेश जारी किए हैं। ये गाड़ियां थीम-आधारित पर्यटक सर्किट गाड़ियां हैं जो पर्यटकों को व्यापक टूर पैकेज प्रदान करती हैं, और इनका उद्देश्य भारत की विशाल पर्यटक क्षमता का दोहन करना और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भारत एवं विश्व के व्यक्तियों को शानदार ऐतिहासिक स्थानों को प्रदर्शित करना है।

इस नीति के अंतर्गत, संभावित सेवा प्रदाता जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या अन्य संस्थाएं शामिल हो सकती हैं, भारत गौरव रेलगाड़ियां चला सकते हैं। भारत गौरव रेलगाड़ियां चलाने हेतु इस योजना के लिए निर्धारित सवारी डिब्बों के आवंटन हेतु अनुरोध कर सकते हैं। सेवा प्रदाता द्वारा रेलवे को लागू प्रभारों का भुगतान किया जाएगा। इन सवारी डिब्बों का स्वामित्व भारतीय रेल के पास रहेगा जिनमें सवारी डिब्बों का अनुरक्षण और स्टैबलिंग सुविधाएं सहित प्रचालनिक सहायता मुहैया कराना शामिल है। सेवा प्रदाता, थीम को प्रदर्शित करने और पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सवारी डिब्बों का नवीकरण कर सकते हैं/मामूली संशोधन कर सकते हैं।

भारत गौरव रेलगाड़ी नीति में सेवा प्रदाता को अपनी पर्यटन थीम और सर्किट तैयार करने की छूट का उल्लेख किया गया है। इस प्रकार, उन्हें मार्ग और यात्रा कार्यक्रम तय करने की छूट है। इन यात्रा कार्यक्रमों को अलग-अलग फेरों के लिए दोहराया या बदला जा सकता है जैसा कि सेवा प्रदाता द्वारा तय किया जाता है। इस योजना के लिए रेलवे द्वारा कोई मार्ग विनिर्दिष्ट नहीं किए गए हैं।

भारतीय रेल में अब तक तीन भारत गौरव रेलगाड़ियों के तीन ट्रिप परिचालित की जा चुके हैं। इनका ब्यौरा निम्नानुसार है:

परिचालन शुरू करने की तारीख	मार्ग	थीम	पर्यटकों की सं.	सेवा प्रदाता
14.06.2022	4 रात/5 दिन पैकेज यात्रा कार्यक्रम: कोयंबटूर-तिरुपुर-इरोड-सेलम-बेंगलुरु-मंत्रालयम-शिरडी और वापस (कुल कि.मी.-2880)	शिरडी साई मंदिर यात्रा	810	एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड
21.06.2022	17 रात/18 दिन पैकेज यात्रा कार्यक्रम: (श्री रामायण यात्रा)- नई दिल्ली- अयोध्या- सीतामढ़ी-जनकपुर (नेपाल) - बक्सर - वाराणसी - प्रयागराज - चित्रकूट - नासिक - हम्पी - रामेश्वरम - कांचीपुरम - भद्राचलम - दिल्ली सफदरजंग (कुल कि.मी. -7707)	रामायण यात्रा	499	इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
23.07.2022	11रात/12 दिन पैकेज यात्रा कार्यक्रम : (दिव्य काशी आदि अमावस्या स्पेशल त्रिग्या एवं सप्त शक्ति पीठ दर्शन) मदुरै-चेन्नई-विजयवाड़ा-पुरी-कोलकाता-गया-वाराणसी-प्रयागराज-विजयवाड़ा-चेन्नई-मदुरै (कुल कि.मी.- 5269)	दिव्य काशी आदि अमावस्या स्पेशल	395	ट्रैवल टाइम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

(ग): जी नहीं। भारत गौरव रेलगाड़ियों के परिचालन के लिए न तो किसी लैंड पार्सल और न ही नियमित मार्गों को पट्टे पर दिया गया है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****